समाचार

स्वच्छ भारत मिशन आधारित शॉर्ट फिल्म, जिंजल, पोस्टर चित्रकला नुक्कड़ नाटक हेतु प्रतियोगिता का होगा आयोजन

कोरबा 09 मार्च 2022 – स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियों पर आधारित शार्ट फिल्म वा जिंजल, चित्रकला, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के संबंध में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर के नागरिकों के मध्य निकाय स्तर पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक नागरिकगण स्वच्छता आधारित शॉर्ट फिल्म जिंजल चित्रकला, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक तैयार कर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। उत्कृष्ट शॉर्ट फिल्म, जिंजल, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक प्रतिभागियों को निगम द्वारा प्रथम पुरस्कार 5,000, द्वितीय पुरस्कार 2000 से सम्मानित किया जाएगा। इस कड़ी में नगर नगर निगम स्तर पर शहर के नागरिकों से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता एवं विभिन्न विषय जैसे कंपोस्टिंग बिन सैरीगेशन, प्लास्टिक प्रतिबंध, गार्डनसिटी, नेकी की दीवार, की उपयोगिता, सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई, मेरा थाना–मेरे साथ, स्वच्छ कोरबा–स्वस्थ कोरबा आदि विषयों पर अपना शॉर्ट मूवी, जिंजल, पेंटिंग पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक बना कर 15 मार्च 2022 तक मेल आईडी पर मेल कर सकते हैं एवं साकेत भवन स्वच्छता शाखा में जमा कर सकते हैं, साथ ही इस संबंध में मेल आईडी की जानकारी व अन्य जानकारी के लिए निगम की स्वच्छता शाखा में संपर्क किया जा सकता है।